हरिभूमि
महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 21 मई 2025

11 नांगल चौधरी में निकाली तिरंगा यात्रा



12 मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



CBSE बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य किसी भी बोर्ड से फेल विद्यार्थी इसी वर्ष फेल विषयों की परीक्षा देकर साल बचाएं।
10th & 12th (NIOS) ओपन से पास करें।
D.R. GROUP OF INSTITUTIONS
महेन्द्रगढ़ नजदीक सतनाली चौक, नारनौल रोड़, महेन्द्रगढ़ Call us: 8059001617, 8059171616
कोसली बिजली बोर्ड के सामने, कोसली Call us: 9050676072
सभी कोर्स सरकारी यूनिवर्सिटी व बोर्ड से पास करें।
B.A., B.Com., B.Sc., M.A., M.Sc. M.Com., Yoga Teacher, NTT, B.Ed., JBT, LLB, D. Pharmacy
- YOGA TEACHER TRAINING PROGRAMME
- CERTIFICATE IN AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY
- CERTIFICATE IN COMPUTER APPLICATION
- CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (NTT)
- CERTIFICATE IN BEAUTY CULTURE & HAIR CARE
- AYRVEDA AND YOGA
- DIPLOMA IN RADIOGRAPHY
- ELECTRICAL TECHNICIAN
- CERTIFICATE IN WELDING
- CERTIFICATE IN PANCHKARMA ASS.



AIT KANINA PHARMACY COLLEGE
फार्मेसी करें:
ADMISSION OPEN
For Session 2025-26
B. PHARMACY Duration:- 4 Year
D. PHARMACY Duration:- 2 Year
BMLT Duration:- 3 Year
DIPLOMA IN YOGA Duration:- 1 Year
ELIGIBILITY-10+2 MEDICAL & NON-MEDICAL
OPPORTUNITIES
Hospital Pharmacist •
Sales & Marketing •
Manufacturing Pharmacist •
Retail Pharmacist •
Quality Control •
Medical Transcription •
GAHRA ROAD, KANINA | 9467543958, 9466464921, 8295003528

# धौलेड़ा जोन के 90 क्रैशरों पर सेफ्टी नियमों की पालना करने में संचालकों की आनाकानी, मजदूरों की जान की फ्रिक किसी को नहीं

- क्रैशरों की चक्की के होद पर सुरक्षा के नहीं प्रबंध व काम के दबाव की जल्दबाजी में लेबर के जीवन पर बना संकट
- प्रशासन की लापरवाही पर ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ निजामपुर

धौलेड़ा जोन में 90 से अधिक क्रैशर संचालित हैं, अधिकतर पर विभागीय मापदंड पूरे नहीं। चक्की के होद पर जाल तथा फेनबेल्टों पर कवर तक नहीं, जिनकी चपेट में आने से कई जानलेवा हादसे हो चुके। अधिकतर हादसों की इत्तफाकिया कार्रवाई करके खानापूर्ति कर दी। जिससे मजदूरों की जीवन पर संकट की आशंका बढ़ गई है। समस्या से विभागीय अधिकारी व जिला प्रशासन अवगत है, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने जिला प्रशासन पर मिलीभगति के आरोप लगाए हैं।

आपको बता दें कि 20 साल पहले धौलेड़ा, बिगोपुर गांव के पास क्रैशर जोन स्थापित किया गया था। क्रैशरों को एनओसी रिलीज करने से पहले प्रशासन ने प्रदूषण के मानक पूरे करने, पौधारोपण, सुरक्षा के उपकरण, संबंधित गांवों के विकास में योगदान तथा कन्वेयर पर पानी छिड़काव के साथ क्रैशर चलाने का शपथ पत्र लिए थे। प्रदूषण, विकास तथा सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद पंचायतों ने एनओसी रिलीज कर दी, लेकिन क्रैशर पर पिसाई का काम शुरू होते ही संचालकों ने शपथ पत्रों की शर्तों को भुला दिया। पत्थर पिसाई के होद पर सुरक्षा के प्रबंध तक नहीं, जहां दर्जनों मजदूरों को दौड़ दौड़ कर काम करना होता है। इतना ही नहीं अधिकांश क्रैशर संचालक कन्वेयर पर पानी का छिड़काव नहीं करते। मशीनों के पंखों की हवा से उड़ी हुई धूल आसपास के गांवों तक पहुंचनी आरंभ हो गई। धौलेड़ा, बिगोपुर, मेघोत बींजा, खातोली जाट, खातोली अहीर, बखरीजा समेत लगभग 15 गांवों की आबादी प्रदूषित वातावरण में सांस लेने को मजबूर है।

डस्ट के प्रभाव से गांवों में टीबी, आंख, अस्थमा, एलर्जी जैसी गंभीर बीमारी फैलनी आरंभ हो गई। हालांकि बचाव के लिए क्रैशर संचालकों ने गांवों में हेल्थ चेकअप व उपचार शिविर लगाने का आश्वासन शपथ पत्र के माध्यम से प्रशासन को दिया था, लेकिन अभी तक अधिकतर संचालकों ने एक भी गांव में चिकित्सा कैंप नहीं लगाया, ना ही पौधारोपण में कोई योगदान किया है। जिस कारण क्रैशर जोन के आसपास वायु की गुणवत्ता 550 के आसपास होने का अंदेशा है। क्रैशर जोन में विभाग के निर्धारित नियम तथा प्रशासनिक सख्ती बेअसर बनी हुई है।

### क्रैशर पर काम कर रहे राजस्थान के मजदूर की मौत

*धौलेड़ा जोन में एक क्रैशर पर टीबा बसई राजस्थान का मजदूर रात को काम करते समय चक्की के होद में गिर गया। पीड़ति मजदूर छत्रपाल पुत्र बहादुरमल को अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन चोट गंभीर होने के कारण रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूत्रों की मामला पुलिस तक भी पहुंचा, लेकिन मृतक मजदूर के परिजनों ने कार्रवाई करने से इंकार कर दिया। इसके बाद पुलिस ने इत्तफाकिया कार्रवाई करके शव का पोस्टमार्टम कराया है।*

### क्रैशर पर काम करते समय पैर फिसलने से हुआ हादसा

निजामपुर के थाना इंचार्ज ने बताया कि धौलेड़ा क्रैशर पर राजस्थान निवासी छत्रपाल नामक मजदूर का पैर फिसल गया तथा होद में गिरने से मौत हो गई। परिजनों ने किसी के खिलाफ कोई शिकायत नहीं दी। इसके बाद इतफाकिया कार्रवाई करके शव का पोस्टमार्टम कराया तथा परिजनों को सौंप दिया है।

### डस्ट के जमाव से ग्रोथ नहीं करता पौधा, नष्ट होने की संभावना

कृषि विभाग के बीएओ डॉ. हरीश यादव ने बताया कि क्रैशर जोन के आसपास खेतों में पौधों पर डस्ट जमी हुई है। जिसके प्रभाव से पौधे की ग्रोथ रुक गई और जल्द ही बारिश या पानी का छिड़काव नहीं हुआ तो फसल नष्ट भी हो सकती है। पत्थर की डस्ट वजनदार व नुकीली होती है, जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव पड़ता है।

# पॉलीटेक्निक में दाखिले के लिए जल्द खुलेगा पोर्टल

- ऑनलाइन करना होगा आवेदन

**नारनौल।** राज्य के तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा संचालित बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक में सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जल्द ही शुरू होने जा रही है। कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल यादव द्वारा जानकारी दी गई है कि प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पोर्टल जल्द ही सक्रिय कर दिया जाएगा।

पॉलीटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को विभाग की आधिकारिक वेबसाइट https://hstes.org.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल होगी और उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान भी ऑनलाइन माध्यम से ही करना होगा। तकनीकी शिक्षा निदेशालय के अनुसार, इस बार आवेदन प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाया गया है। प्रवेश मेरिट के आधार पर किया जाएगा, जिसमें उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता को ध्यान में रखा जाएगा। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन करते समय सभी दस्तावेज सही रूप से अपलोड करें एवं दी गई समय सीमा का पालन करें, अन्यथा उनके आवेदन अस्वीकृत हो सकते हैं। तकनीकी शिक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर और ईमेल आईडी वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगे।



## खबर संक्षेप



मंडी अटेली। नावदी निवासी बनवारी लाल बाबू की श्रद्धांजलि सभा में मौजूद ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### नावदी के प्रथम मेट्रिक दिवंगत बनवारी लाल की शोकसभा आयोजित

**मंडी अटेली।** गांव नावदी निवासी बनवारी लाल बाबू की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में ग्रामीणों के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने पुष्प अर्पित किए। 91 साल की उम्र में गत 13 मई को उनका निधन हो गया था। एक साधारण किसान परिवार में 1934 में जन्म लिया। इनके परिवार के नाम बहुत सी उपलब्धियां हैं। इनके पिता सोहनलाल गांव के प्रथम सरपंच बने। बाबू आजाद भारत के गांव नावदी के प्रथम मैट्रिक पास व्यक्ति थे। उनकी बेटी गांव की लड़कियों में प्रथम मैट्रिक पास लड़की, जो वर्तमान में शिक्षिका के रूप में अपनी सेवाएं दे रहीं हैं। बेटा पुरूषोत्तम गांव का प्रथम बीटेक इंजीनियर जो गुरुग्राम की प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। बाबू एक बहुत ही नेक ईमानदार व सादगी पुर्ण जीवन जिने वाले इंसान थे। वो हर दिल अजीज लोगों को साथ लेकर चलने की भावना थी। पीडब्ल्यूडी विभाग में क्लर्क होने के कारण बाबू के नाम से प्रसिद्ध थे उन्होंने गांव के लोगों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। बहुत से लोग उनके द्वारा दी गई प्रेरणा से सरकारी विभागों में सेवाएं दे चुके हैं। श्रद्धांजलि सभा में अशोक नावदी, सत्यवीर, कंवर सिंह बाबूजी, भागीरथ, हरिपाल कंडेक्टर व भूप सिंह आदि लोगों ने दुख जताया है।

### युवती लापता, दर्ज कराई गुमशुदगी की शिकायत

**लोहारू।** उपमंडल के एक गांव से एक 24 वर्षीय युवती के लापता होने का मामला प्रकाश में आया है। युवती की मां की शिकायत पर लोहारू पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवती की मां ने बताया कि उसकी 24 वर्षीय बेटी जीएनएम का कोर्स कर रही थी। वह बिना बताए घर से चली गई थी और उसके बाद वापिस नहीं लौटी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।



चरखी दादरी। सदर थाना का निरीक्षण करते एसपी अर्श वर्मा।

### एसपी ने थाना सदर का किया निरीक्षण

**चरखी दादरी।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने सदर पुलिस थाने के क्राइम रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना सदर में दर्ज मुकदमों, शिकायतों व अन्य अपराधिक रिकॉर्ड का निरीक्षण किया। थाना परिसर, एमएचसी रुम, मालखाना, हवालात और कंप्यूटर कक्ष का बारिकी से जायजा लिया। एसपी अर्श वर्मा ने कहा कि पुलिस थाने का वातावरण और सफाई बेहद जरूरी है। जब लोग अपनी शिकायतें लेकर आते हैं, तो उन्हें यह महसूस होना चाहिए कि हम उनकी समस्याओं को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए।

## नगरपालिका प्रशासन नहीं दे रहा कोई ध्यान

# महेंद्रगढ़ में नो पार्किंग व नो वेंडिंग जोन में खड़े हो रहे वाहन

**नगर पालिका करीब तीन साल पहले शहर में लगवाए थे नो पार्किंग व नो वेडिंग जोन के बोर्ड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

स्थानीय प्रशासन व नगर पालिका प्रशासन ने शहर को अतिक्रमण व जाम से मुक्त बनाने को लेकर शहर में करीब आधा दर्जन जगह पर करीब तीन साल पहले नो पार्किंग नो वेडिंग जोन के बोर्ड लगाए गए थे। इसके लिए प्रशासन ने रेहड़ी व गाड़ी चालकों को वाहन खड़े करने के लिए जगह भी निर्धारित की गई थी, लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण अब वाहन बीच बाजार में ही इधर-उधर खड़े हो रहें है। इसके आलाव दुकानों के आगे रेहड़ियि भी बिना रोक-टोक के खड़ी हो रहीं है। जिस और नगरपालिका प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बता दें कि नपा प्रशासन ने शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए तीन साल पहले शहर में जगह-जगह नो पार्किंग नो वेडिंग जोन के बोर्ड लगाए गए थे। जिसके लिए शहर के बाजार में रेहड़ी लगाना व वाहन को इधर-उधर खड़ा करने का जुर्माना का प्रावधान भी किया गया था, लेकिन नगरपालिका प्रशासन की सुस्ती के चलते यह प्रावधान सिरे ही नहीं चढ़ पाया। वाहन चालक बेरोक-टोक अपने वाहन को इधर-उधर खड़ा कर रहें हैं।



महेंद्रगढ़। आंबेडकर चौक के पास नपा द्वारा लगाया गया बोर्ड। फोटो : हरिभूमि

***आटो मार्केट के पीछे खाली जमीन पर बनाई थी पार्किंग:*** नगर पालिका द्वारा आटो मार्केट पीछे स्थित खाली जमीन पर तीन साल पहले अस्थाई पार्किंग बनाई गई थी। करीब सालभर तक तो इस पार्किंग का लाभ केवल टैक्सी स्टैंड के गाड़ी चालक ने ही उठाया था। लेकिन टैक्सी स्टैंड वाले गाड़ी चालक भी अब पुरानी कोर्ट के बाहर अपना वाहन खड़ा कर रहें हैं। जिससे इस रोड पर सारे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

**यहां लगवाए थे बोर्ड**

नगर पालिका प्रशासन ने शहर को जाम मुक्त बनाने के लिए शहर के बालाजी चौक, नगर पालिका कार्यालय के पास, आंबेडकर चौक, आईटीआई के सामने सहित अन्य स्थानों पर सूचना बोर्ड लगवाए थे। जिन पर नो पार्किंग जोन, नो वेडिंग जोन को लेकर निर्देश स्पष्ट किए गए है। पालिका के अनुसार शहर के मैन बाजारों में वाहनों के अलावा रेहड़ियि भी नहीं खड़ी की जा सकती है। इस दौरान नगर पालिका ने रेहड़ियि खड़ी करने के लिए किलारोड से लेकर देवीलाल पार्क की जगह निर्धारित किए गए थे कि जो लोग आदेशों की अवहेलना करेगा उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। लेकिन प्रशासन की अनदेखी के चलते यह योजना सिरे ही नहीं चढ़ पाई। जिससे शहर को जाम मुक्त करने के लिए नगर पालिका प्रशासन की यह योजना खोखली साबित हो गई है।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए। फोटो : हरिभूमि

## एनडीआरएफ टीम ने विद्यार्थियों को दिए आपदा प्रबंधन के टिप्स

**महेंद्रगढ़।** पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में उपनिरीक्षक मोहन के नेतृत्व में विद्यालय के विद्यार्थियों की सहभागिता से आपदा प्रबंधन की कार्य प्रणाली तथा इनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की बारीकियों से अवगत करवाया गया। गणित अध्यपाक अरुण कुमार ने बताया कि यह प्रोग्राम एसडीएम अनिल कुमार यादव के निर्देशानुसार आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम में एनडीआरएफ की टीम द्वारा आपदा के दौरान बचाव के तरीके प्रदर्शित किए गए। एनडीआरएफ उप निरीक्षक मोहन ने बहुत ही शानदार तरीके से अपनी टीम को निर्देशित करते हुए पहले अपनी टीम से विभिन्न आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, आगजनी तथा युद्ध की विभीषिका के दौरान आपातकालीन जीवन रक्षक उपायों का प्रदर्शन करवाया। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों को सीखाकर उसी कार्य को अपने समक्ष प्रदर्शित करवाया गया। इस दौरान उन्होंने सीपीआर कैसे दे? और आग लगने पर इमारत से सुरक्षित कैसे निकले? हाथ, पैर का फ्रेक्चर होने पर घायल मरीज को कैसे सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाए तथा बाढ़ के दौरान तैरकर सुरक्षित स्थान तक कैसे पहुंचे? या फिर यदि कोई छोटा बच्चा कोई वस्तु निगल तो उसको सुरक्षित तरीके से निकालने का प्रदर्शन एक डम्मी द्वारा करवाया गया। बाढ़ के दौरान पानी में से निकलने या तैरने के लिए किन-किन औजारों का इस्तमाल करके सुरक्षित निकल सकते हैं तथा लाइफ जैकेट तथा अन्य सामान का प्रदर्शन भी टीम द्वारा किया गया। अंत में प्राचार्य जयपाल ने पूरी एनडीआरएफ टीम को स्मृति चिह्न भेंट कर धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्राचार्य जयपाल, महेश शर्मा, हंसराज शर्मा, सतीश चंद्र, अरुण कुमार, पवन कुमार, धीरज कुमार, जितेंद्र यादव, ललित कुमार, प्रेमवती देवी, सुनीता, उर्मिला यादव, अनिता, हरबाई, नीलम, निर्मल, विनोद, शर्मिला, कमलेश, पूजा, रेखा सैनी, पारुल सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।



नांगल चौधरी। मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करते प्राचार्य अजय कुमार।

## राजकीय स्कूल मूसतोता के विद्यार्थियों का परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

**नांगल चौधरी।** हरियाणा बोर्ड की ओर से घोषित 10वीं और 12वीं कक्षा के नतीजों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मूसनोता के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। दोनों कक्षाओं के शत प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल करके स्कूल का नाम रोशन किया है। प्राचार्य अजय कुमार ने बताया कि शिक्षकों ने पूरी निष्ठा पूवर्क विद्यार्थियों को सालभर पढ़ाया है। जिसकी बदौलत सकारात्मक परिणाम मिलना संभव हो पाया है। 12वीं में 16 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। जिनमें योगेश पुत्र मामचंद ने 446 अंक हासिल करके प्रथम, पायल पुत्री विक्रम ने 436 अंक प्राप्त करके द्वितीय, अंकिता पुत्री सुणाराम ने 413 अंक हासिल करके तृतीय स्थान प्राप्त किया है। दसवीं कक्षा के नतीजों में 11 बच्चों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया है। अनीता पुत्री प्रहलाद सिंह ने 441, साक्षी पुत्री महेश ने 436, काजल पुत्री बाबूलाल ने 434 अंक लेकर परीक्षा उत्तीर्ण की है।

## किसान मिट्टी व पानी की जांच कराकर ही करें बिजाई: कृषि अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

अटेली खण्ड के गांव नांगल में ग्वार फसल पर कृषि विभाग अटेली के तत्वावधान में मंगलवार को ग्वार विशेषज्ञ डा. बीडी यादव के सहयोग से ग्वार फसल की पैदावार बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

ब्लॉक कृषि अधिकारी डा. रजनीश मुख्य अतिथि थे। कृषि अधिकारी ने किसानों को अपने खेत की मिट्टी व पानी की जांच करवाकर ही बिजाई करने की सलाह दी। मिट्टी व पानी के सैंपल कैसे लिए जाए इसके बारे में किसानों को मौके पर पूरी जानकारी दी। शिविर में 68 किसानों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण शिविर में किसानों द्वारा प्रश्नों का जवाब देने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिविर में मौजूद किसानों को बीज उपचार के लिए दो एकड़ की वेबिस्टिन दवाई तथा एक जोड़ी दस्ताने हिन्दुस्तान गम एण्ड केमिकल्स भिवानी की तरफ से मुफ्त दी गई। मिट्टी जांच से यह पता चलता है कि जमीन में किस पोषक तत्व की कमी है। इसके अलावा डा. रजनीश ने किसानों को अपने खेत में गोबर की तैयार खाद डालने का विशेष जोर दिया। इससे मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। मिट्टी जांच के आधार पर ही खाद का प्रयोग करें।



मंडी अटेली। गांव नांगल में किसानों को प्रशिक्षण देते डा. बीडी यादव।

**जड गलन रोग का इलाज मात्र 15 रुपये में उपचार संभव**

ग्वार विशेषज्ञ डा. बीडी यादव ने ग्वार की कम पैदावार होने का जड गलन व झुलसा रोग मुख्य कारण बताए। जड़ काली होने पर पौधे मुरझा कर पीले हो कर मर जाते हैं। ऐसे पौधों को जब जमीन से उखाड़ कर देखते हैं तो उनकी जड़े काली मिलती है। इस बीमारी की रोकथाम के लिए 3 ग्राम कार्बेन्डाजिम 50 प्रतिशत (बेविस्टीन) प्रति किलो बीज की दर से सूखा उपचारित करने को नाम ही बीजाई करनी चाहिए। देशापर 2070 प्रतिशत इस रोग पर कालू पाया जा सकता है। जड गलन रोग का इलाज मात्र 15 रूपये के बीज उपचार से संभव है। ग्वार की कौनसी किस्म लगाए-डा. यादव ने किसानों को ग्वार की उन्नतशील किस्में एचजी 365, एचजी 563, एचजी 2-20 बोने की विशेष सलाह दी, ये किस्में 85 से 110 दिन की अवधि में पक जाती हैं, तथा इसके बाद सरसों की फसल आसानी से ली जा सकती है। बिजाई का उचित समय गोष्ठी के दौरान डा. यादव ने किसानों को विशेष सलाह दी कि इस क्षेत्र में पानी की कमी है और पानी का स्तर बहुत नीचे गिरता जा रहा है। इसलिए किसान पानी लगाकर ग्वार की बिजाई न करने की सलाह दी।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अकबरपुर में 10वीं व 12वीं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को स्मृति चिह्न व उपहार देकर सम्मानित किया। प्राचार्या सीमा यादव ने बताया कि युवा सामाजिक कार्यकर्ता संदीप शेरावत अकबरपुर ने विद्यालय परिसर में मेधावी विद्यार्थियों को निजी कोष से उपहार व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। संदीप शेरावत ने कहा कि मेहनत और मार्गदर्शन ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने बच्चों को काईजेन तकनीक से निरंतर सुधार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत, अध्यापकों की लगन और पालकों के सहयोग से ही स्कूल के विद्यार्थियों ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्या सीमा यादव ने कहा कि संदीप जैसे युवा सबके लिए प्रेरणा के पात्र हैं। इस मौके पर प्रवक्ता अभय सिंह यादव, दिनेश गांधी, प्रवक्ता डॉ. संजय शर्मा, विजय शर्मा, आशा शर्मा, बुलबुल शेरावत, कंप्युटर शिक्षक महेंद्र सिंह यादव, रामनिवास, ऋषि कुमार, अंजू कुमारी, सुभाष लिपिक, रोहतास आदि मौजूद थे।



नारनौल। विद्यार्थियों को सम्मानित करता स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## पीजी कॉलेज की छात्राओं ने परीक्षा में रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राजकीय महाविद्यालय के प्राणी शास्त्री विभाग की दो छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर की एमएसी प्राणी शास्त्र की परीक्षा के प्रथम सेमेस्टर में दूसरे स्थान पर मेरिट में अपना नाम दर्ज किया है। वहीं दूसरी तरफ पारूल शर्मा ने सीएसआईआर वैज्ञानिक व औद्योगिक अनुसंधान परिषद की ओर से संचालित नेट जेआरएफ की परीक्षा में ऑल इंडिया 200वीं रैंक प्राप्त कर जिला व महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. डॉ. पूर्ण प्रभा ने इस उपलब्धि पर प्राणी शास्त्र की दोनों छात्राओं व विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यपाल सुलोदिया की प्रशंसा करते हुए कहा कि प्राणी शास्त्र विभाग लगातार शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।पब्लिक रिलेशन ऑफिसर प्रोफेसर डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि एमएससी प्राणी शास्त्र विभाग की छात्रा निशिका ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय रेवाड़ी की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में द्वितीय स्थान व पारूल शर्मा ने सीएसआईआर वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद की ओर से संचालित नेट जेआरएफ परीक्षा में ऑल इंडिया 200वीं रैंक प्राप्त महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्राओं को महाविद्यालय प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा ने सम्मानित किया।



नारनौल। छात्राओं को सम्मानिता करता कॉलेज स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष नरेंद्र सूरा ने मंगलवार को हुडा सेक्टर में स्थित संतोष मेमोरियल दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र व मोहल्ला खड़खड़ी में नेत्रहीन कन्या विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजीव काजला भी मौजूद थे।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने संतोष मेमोरियल दिव्यांग एवं पुनर्वास केंद्र का दौरा कर विद्यार्थियों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना। साथ ही उन्होंने उनकी शिक्षा और जीवन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने छात्रों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और उन्हें जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने नेत्रहीन कन्या विद्यालय का दौरा कर विद्यालय की सुविधाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक सुझाव दिए।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा ने छात्राओं से बातचीत करते हुए कहा कि जीवन में कामयाबी हासिल करने के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि अगर हमने शिक्षा ग्रहण की है, तो हम जीवन में कामयाबी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी कानूनी जानकारी लेने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर 01282250322 व नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर फोन कर जानकारी ले सकते हैं। इस मौके पर बच्चों को खाने पीने की सामग्री भी वितरित की गई।



नारनौल। दिव्यांग व पुनर्वास केंद्र का निरीक्षण करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा। फोटो : हरिभूमि

## वरिष्ठ कवि रघुविन्द्र यादव को मिला हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा साहित्य अकादमी की ओर से लाला देशबंधु गुप्त सम्मान 2021 से नवाजे जा चुके नगर के वरिष्ठ साहित्यकार रघुविन्द्र यादव को हिंदुस्तानी भाषा अकादमी नई दिल्ली द्वारा प्रतिष्ठित हिंदुस्तानी भाषा काव्य प्रतिभा सम्मान प्रदान किया गया है।

उन्हें यह सम्मान दोहाकार के रूप में उनके विशिष्ट योगदान के दृष्टिगत, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के सभागार में आयोजित एक राष्ट्रीय दोहाकार सम्मेलन में आकाशवाणी के पूर्व उपमहानिदेशक व प्रसिद्ध कवि डॉ. लक्ष्मीशंकर वाजपेयी, साहित्यकार देवेंद्र मांझी व अकादमी के अध्यक्ष सुधाकर पाठक ने प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि विभिन्न विधाओं की 24 पुस्तकों के लेखक और संपादक रघुविन्द्र यादव ने दोहाकार के रूप में अपनी वैश्विक पहचान बनाई है। नागफनी के फूल, वक्त करेगा फैसला, आए याद कबीर और देख समय का फेर उनके चार दोहा संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। यादव ने बताया कि समारोह में अकादमी की ओर से प्रकाशित नावक के तीर शीर्षक दोहा संकलन का विमोचन भी किया गया।



नारनौल। रघुविन्द्र यादव को हिंदुस्तानी भाषा काव्य . तिभा सम्मान से नवाजते डॉ . लक्ष्मीशंकर व अन्य।

## पॉलिटेक्निक में ब्रांच टॉपर्स और उत्कृष्ट स्टाफ मेंबर्स सम्मानित

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में मंगलवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न ब्रांचों के टॉपर विद्यार्थियों को उनकी शानदार शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही इस वर्ष संस्थान में उत्कृष्ट एडमिशन प्रदर्शन करने वाले स्टाफ मेंबर्स को भी विशेष रूप से सराहा गया और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। संस्थान के प्राचार्य ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थी और स्टाफ हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। विद्यार्थियों की मेहनत और स्टाफ की समर्पित सेवाओं के कारण ही आज हमारा संस्थान प्रदेश के अग्रणी तकनीकी संस्थानों में गिना जा रहा है। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, फैकेल्टी मेंबर्स और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिए गए। वहीं, स्टाफ मेंबर्स को उत्कृष्ट सेवा के लिए विशेष स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।



नारनौल। प्रतिभाओं को सम्मानित करते प्रधानाचार्य इंजी. अनिल यादव। फोटो : हरिभूमि

## पुलिस विभाग ने चलाया नशे के प्रति विशेष अभियान

# युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए वॉलीबॉल टूर्नामेंट आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे नशे के प्रति विशेष अभियान के तहत पुलिस की ओर से खेलों के माध्यम से नशे के प्रति जागरूकता फैलाई जा रही है। इसी कड़ी में निजामपुर के गांव छिलरो में डीएसपी हरदीप सिंह की मौजूदगी में थाना निजामपुर की पुलिस टीम ने खेल प्रतियोगिता में माध्यम से युवा पीढ़ी को नशे के विरुद्ध जागरूक किया और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। गांव छिलरो के खेल मैदान में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित कराई गई। प्रतियोगिता गांव निजामपुर व गांव छिलरो की टीम के बीच आयोजित कराई गई। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गांव छिलरो की टीम विजेता रही।



नारनौल। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**नशा एक धीमा जहर: डीएसपी**

इस अवसर पर डीएसपी हरदीप सिंह ने बताया कि नशा एक धीमा जहर है, जो धीरे धीरे करके युवाओं को अपनी चपेट में ले लेता है। पुलिस की ओर से नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला के युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है और साथ ही सकारात्मक कार्यों व खेलों में उनकी सहभागिता भी सुनिश्चित की जा रही है। पुलिस की ओर से गांव छिलरो में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। खेलों के माध्यम से युवाओं को अभियान से जोड़ा जा रहा है। थाना निजामपुर क्षेत्र के गांव छिलरो में युवाओं को नशे से दूर रखने व खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करवाया गया।

## खबर संक्षेप



### जल जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मंडी अटेली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुंडिया खेड़ा में प्राचार्य छोटेलाल की अध्यक्षता में जल जागरूकता कार्यक्रम व स्कूल रैली का आयोजन किया गया। इस मौके पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के खंड संसाधन संयोजक धर्मेंद्र ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। खंड संसाधन संयोजक धर्मेंद्र ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों को जल जीवन मिशन, जल संरक्षण एवं जल गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया। दूषित जल से होने वाली बीमारियों जैसे डायरिया के लक्षण एवं रोकथाम के बारे में बताया।

### भूषण मंडल महामंत्री बने विकास एडवोकेट

**नारनौल।** भाजपा में भूषण मंडल ने अपनी टीम गठित की है। इसमें सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाले एडवोकेट विकास को भूषण मंडल का महामंत्री नियुक्त किया है। इसके लिए नवनियुक्त महामंत्री विकास एडवोकेट ने सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह, पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक ओमप्रकाश यादव, जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव व भूषण मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सहित संगठन व पार्टी नेताओं का आभार जताया है।



विकास एडवोकेट

### साइबर क्राइम को लेकर किया जागरूक

**अटेली मंडी।** पुलिस विभाग में कार्यरत ओमपाल यादव साइबर क्राईम अवेयरनेस प्रोग्राम के तहत आम जनता के साथ साथ गांवों के लोगों को साइबर अपराध से आगाह कर रहे हैं एवं लोगों को साइबर धोखाधड़ी से सतर्क रहने के साथ बचने और साइबर अपराध से पीड़ित लोगों की मदद करने का काम भी कर रहे हैं। ओमपाल यादव के मुताबिक साइबर धोखाधड़ी से पीड़ित लोग चिंता व अवसाद के साथ मानसिक हताशा से घिर जाते हैं। वह अब तक सैकड़ों साइबर अपराध से पीड़ित लोगों की मदद कर चुके हैं। जागरूकता ही साइबर अपराध की रोकथाम है।

### पद रिक्त होने के चलते पंचायत कार्यों में बांधा

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुजरवास में नियमित चौकीदार का पद पिछले एक दशक से खाली है, जिस कारण ग्राम पंचायत के कार्यों में बाधा आ रही है। ग्राम पंचायत पार्ट टाइम चौकीदार से काम चला रही है। चौकीदार का पद ग्राम पंचायत की सुरक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है तथा पूर्णकालिक चौकीदार की अनुपस्थिति में गांव में अपराध और असुरक्षा की घटनाएं बढ़ने की आशंका बनी रहती है। कोर्ट के सम्मन और नोटिस की तामील करवाना, पुलिस और राजस्व विभाग के आदेशों की मुनादी करना, जमीन पैमाईश तथा जन साधारण के साथ अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं देना महत्वपूर्ण कार्य हैं।

## निजामपुर रोड सैनी धर्म कांटा के पास हुआ समापन

# सैनिकों के सम्मान में नांगल चौधरी में निकाली तिरंगा यात्रा

- पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव की अगुआई में निकाली यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नांगल चौधरी हल्के में पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव की अगुआई में मंगलवार को निकाली गई तिरंगा यात्रा में हल्के के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया। हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य के सम्मान में नांगल चौधरी शहर में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। आस पास के गांवों से सुबह नौ बजे ही नांगल चौधरी अनाज मंडी के पास ज्योतिबा फुले चौक पर लोगों का हुजूम एकत्रित होने लगा। पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव के पहुंचने पर यह यात्रा उनकी अगुवाई में प्रातः 9:30 बजे प्रारंभ हुई और बाजार के बीचों बीच निकलकर निजामपुर रोड सैनी धर्म कांटा के पास इसका समापन हुआ। भारतीय सेना के सम्मान में राष्ट्र गौरव की भावना से प्रेरित भारी संख्या में लोग भारतीय सेना और भारत माता की जय जयकार के नारे लगाते हुए चले।



**नारनौल।** तिरंगा यात्रा निकालते पूर्व मंत्री डॉ. अभय सिंह यादव व कार्यकर्ता।

### सैनिकों ने दुश्मन के छक्के छुड़ाए

यात्रा के समापन पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री अभय सिंह सिंह यादव ने कहा कि पाकिस्तान के साथ हुआ हाल ही का युद्ध एक अभूतपूर्व साहस और शौर्य की गाथा था। भारतीय सैनिकों ने बड़े सटीक और संयमित तरीके से आतंकवादियों के ठिकानों को बर्बाद करते हुए भारी संख्या में उनको मार गिराया। यह एक ऐसा प्रहार था जिसने अजहर मसूद जैसे दुर्दांत आतंकवादी को बेबस होकर अपने परिवार की मौत पर प्रलाप करने पर मजबूर कर दिया। ऐसे लोगों को पहली बार अपने कुकर्मों का एहसास हुआ। जब उनके निकट संबंधी भारतीय सेना के निशाने पर आए। सेना के शौर्य और साहस के साथ ही भारतीय रक्षा प्रणाली अभेद्य बनी रही। दुश्मन द्वारा छोड़ी गई मिसाइल और ड्रोन देश की मात्रभूमि को छू तक नहीं पाई और उन सबका अंत हवा में ही कर दिया गया। उन्होंने इस युद्ध की समाप्ति के फैसले को प्रधानमंत्री का विवेकपूर्ण और बुद्धिमत्तापूर्ण लिया गया कदम बताया।

### सीमित युद्ध लक्ष्य

उन्होंने कहा कि हमारा मूल लक्ष्य देश को विकसित राष्ट्र बनाने का है और उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कोई भी लम्बा शस्त्र संघर्ष, जब तक राष्ट्रहित में जरूरी न हो, तब तक इससे बचना चाहिए। युद्ध हमेशा विकास के रास्ते में बाधा बनता है। इस सीमित युद्ध में हमारा लक्ष्य केवल उग्रवादियों को दण्डित करना था और उग्रवादियों पर प्रहार के पश्चात इस युद्ध का लक्ष्य पूरा हो गया था। फिर भी पाकिस्तान के साथ चले इस सीमित युद्ध में भारतीय रक्षा प्रणाली की जिस अचूक ताकत का प्रदर्शन हुआ उससे सारा विश्व स्तब्ध है। प्रधानमंत्री ने बड़ी समझदारी और संयम के साथ पाकिस्तान की पहल पर युद्ध विराम को स्वीकार कर लिया। इस युद्ध के पश्चात जहां हमारे शत्रु देशों में असुरक्षा व बेचैनी है। वहीं देश को अपने सैनिकों पर गर्व है और हमारी बहादुर सेनाओं के हाथों में देश सुरक्षित है। इस तिरंगा यात्रा में हजारों कार्यकर्ताओं के अतिरिक्त पूर्व जिलाध्यक्ष दयाराम यादव, पार्टी के वरिष्ठ नेता रमेश तंवर, पूर्णचंद गोठड़ी, भवानी सिंह राजपूत, पंचायत समिति चेयरमैन प्रतिनिधि कर्मपाल, विभिन्न मंडलों के मंडलाध्यक्ष व नांगल चौधरी नगर पालिका से पार्षद तथा भारी संख्या में गांवों के सरपंचों व अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया।

# बीजेआरडी स्कूल के विद्यार्थियों ने बाबा जयराम दास धाम पर की पूजा-अर्चना

- 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** बाबा जयराम दास धाम पर मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

बीजेआरडी स्कूल रिवासा के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करने पर बाबा जयराम दास के धाम पाली पहुंचकर बाबा के मंदिर में पूजा अर्चना की। बीते दिनों घोषित 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम में बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया। इसी खुशी में विद्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। 12वीं कक्षा में तमन्ना पुत्री रणधीर सिंह ने प्रथम, कशिश पुत्री राकेश कुमार ने दूसरा एवं रिया पुत्री राकेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया और परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 10वीं छात्र निधि पुत्री संजय कुमार 95 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, हिमांशी पुत्री विजयपाल सिंह 94 प्रतिशत व वंशिका पुत्री सूरज सिंह दूसरे और दीपांशु पुत्र मनोज कुमार तीसरे स्थान पर रहा। इस सम्मान समारोह में विद्यालय निदेशक राजपाल यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय बच्चों की कड़ी मेहनत, शिक्षक के उचित मार्गदर्शन और अभिभावकों के संपूर्ण सहयोग को देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर चेयरपर्सन शीला राव, पीआरओ बिजेंद्र सिंह, सुरेश सैनी, मंजीत मलिक, शिवराज यादव, मोनू यादव, धर्मेंद्र यादव, संदीप यादव, अमिता यादव, ज्योति यादव, टीना यादव, निशा यादव, मनीषा यादव, सुरेखा शर्मा, गीता, आशा, पूनम शर्मा एवं सिमरन मौजूद रही।

### विद्यालयों में ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा करें

**महेंद्रगढ़।** भीषण गर्मी को मद्देनजर रखते हुए राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान अनिल सिसोठिया ने विद्यालय समय सुबह सात से 12 बजे तक करने की मांग की हैं। जिला प्रधान अनिल सिसोठिया ने बताया कि पिछले एक सप्ताह से तापमान में काफी इजाफा हुआ है और तापमान लगातार 44 डिग्री को पार कर चुका है, जबकि पूर्वानुमान यह 47 डिग्री को पार करने के आसार हैं, ऐसे में स्कूल जाकर बच्चों में पानी व ग्लूकोज की कमी के कारण चक्कर, बेहोशी, उल्टी, दस्त, सर दर्द के दिक्कत बढ़ रही हैं। सरकार इसे गंभीरता से ले और छुट्टी घोषित करें।

### सरस्वती स्कूल में विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**नारनौल।** शहर में पुल बाजार स्थित सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा गुंजन व छात्र सूर्यांश का ताइक्वांडो स्टेट लेवल में चयन हुआ है। सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुल बाजार की छात्रा गुंजन व छात्र सूर्यांश ने जिला स्तरीय ताइक्वांडो में गोल्ड मेडल जीतकर स्टेट लेवल में चयनित होकर विद्यालय व जिले का नाम रोशन किया है। इसी के साथ जूनियर सारांश ने सिल्वर मेडल जीता और सभी को गौरवांवित किया। इस अवसर पर विद्यालय के चैयरमैन मुकेश शर्मा, प्राचार्या क्षमा पाण्डेय, शिक्षकों ने गुंजन, सूर्याश व सारांश को बधाई दी व उनको पुरस्कृत किया।

# स्वास्थ्य केंद्रों में अतिरिक्त बेड की हो व्यवस्था

- न्याय यात्रा के दौरान बसपा नेता अतरलाल ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बसपा नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल ने गर्मी के कारण उल्टी दस्त के मरीजों की बढ़ रही संख्या पर चिंता प्रकट करते हुए राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन से जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में अतिरिक्त बैड की व्यवस्था करने और उपचार की सुविधाएं बढ़ाने की मांग की है। अतरलाल ने अटेली न्याय यात्रा के दौरान ताजपुर, भीलवाड़ा, श्यामपुरा व कुंजपुरा में ग्रामीण सभाओं को सम्बोधित करते हुए उक्त मांग उठाई। उन्होंने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों, दवाईयों, लैब मशीनों व बैड की पर्याप्त सुविधाएं न होने के कारण गर्मी जनित उल्टी दस्त जैसी बिमारियों के लिए भी बाहर निजी अस्पतालों में इलाज करवाना पड़ रहा है। इससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने समय रहते राज्य सरकार से सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों के सभी पदों को भरने, विशेषज्ञ डॉक्टर नियुक्त करने, दवाई पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने तथा लैब व जांच मशीने स्थापित करने की मांग की। उन्होंने अटेली तथा कनीना के उप नागरिक अस्पतालों को फर्स्ट रेफरल यूनिट का दर्जा देने की मांग की।



**नारनौल।** न्याय यात्रा के दौरान ग्रामीणों की समस्या सुनते प्रमुख समाजसेवी अतरलाल। फोटो : हरिभूमि

# हकेंवि कुलपति ने पुस्तक का किया विमोचन

- एआई और आईओटी के क्षेत्र में तकनीकों के वर्तमान और भविष्य के परिप्रेक्ष्य को बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अंतर्गत संचालित कम्प्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग के शिक्षकों द्वारा सहसंपादित पुस्तक एप्लिकेशंस आफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन द इंटरनेट आफ थिंग्सः टूडेज एंड टूमारोज वर्ल्ड का विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने विमोचन किया गया। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और इंटरनेट आफ थिंग्स (आईओटी) के क्षेत्र में तकनीकों के वर्तमान और भविष्य के परिप्रेक्ष्य को दर्शाती इस पुस्तक में विश्वभर के प्रतिष्ठित लेखकों ने योगदान दिया है। यह पुस्तक हकेंवि में कम्प्यूटर विज्ञान और अभियांत्रिकी विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार एवं सहायक आचार्य डॉ. नीतिन गोयल द्वारा सहसंपादित है। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस अवसर पर पुस्तक के संपादकों एवं विभाग को उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने एआई और आईओटी जैसे उभरते क्षेत्रों में बहुविषयक शोध के महत्त्व को रेखांकित किया। इस दौरान कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय में उपलब्ध सुदृढ़ शोध परिवेश एवं संसाधनों पर प्रकाश डाला है।



**महेंद्रगढ़।** पुस्तक का विमोचन करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार।

### डॉ. नितिन ने संपादन किया

डॉ. राकेश कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और पुस्तक संकलन की अवधारणा को साझा करते हुए बताया कि यह पुस्तक अकादमिक शोध और उद्योग-प्रासंगिक नवाचार के बीच की खाई को कम करने का एक का प्रयास है। डॉ. नितिन गोयल ने पुस्तक की संपादन प्रक्रिया, उसकी विषयवस्तु संरचना तथा विभिन्न संस्थानों और देशों के विद्वानों से प्राप्त योगदान से प्रतिभागियों को अवगत कराया। आयोजन में डॉ. सुशील कुमार, अनंत सहित विभाग के समस्त संकाय सदस्यों ने पुस्तक के संपादकों और लेखकों के इस उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य की सराहना की। कार्यक्रम का समापन एक सार्थक संवाद सत्र के साथ हुआ।

### आरडी ग्रीनफील्ड स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शानदार



**महेंद्रगढ़।** बुंदेबाज नगर स्थित गुरुकुलम आरडी ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल में बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। चेयरमैन डॉ. देवेंद्र यादव ने, सीइओ डॉ. हनुमान यादव व प्राचार्य भरतसिंह ने बताया कि विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्र यश ने 99 प्रतिशत अंक लिए, नितिन ने98 प्रतिशत, हन्नी ने 96 प्रतिशत अंक, ईशान 95 प्रतिशत अंकों के साथ विषयवार टॉप किया। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि बच्चों ने पूरे वर्ष कठिन परिश्रम किया, उसका परिणाम उन्हें सफलता के रूप में मिला है। गुरुकुलम स्कूल हर क्षेत्र में अव्वल है।

# बीपीएस स्कूल के बच्चों ने जानी आधारभूत कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

बच्चों को कानूनी जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए शहर में कुलताजपुर रोड स्थित बीपीएस स्कूल में डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथोरिटी की ओर से लीगल एडवाइजर एडवोकेट एसएस सुरेडिया के नेतृत्व में 'टॉक शो' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने आधारभूत कानूनी जानकारी प्राप्त की जैसे-बच्चों के क्या अधिकार होते है, लोक अदालत क्या होती है और यह कैसे काम करती है, एफआईआर कब और कैसे दर्ज करवाई जा सकती है व साइबर क्राइम के विविध रूपों की जानकारी भी प्राप्त की। बच्चों को यह जानकार आश्चर्य हुआ कि आवारा पशुओं के विरुद्ध भी उनके अधिकार होते है। बच्चों ने जाना कि आवारा पशुओं द्वारा पहुंचाई गई हानि के लिए ग्रामीण इलाकों में सरपंच व शहरी क्षेत्र में चेयरमैन जिम्मेवार होता है। आरटीआई एक्ट के बारे में व फेक फोन कॉलस से कैसे सचेत रहे की जानकारी भी बच्चों ने प्राप्त की। अंत में विद्यालय प्रिंसिपल उदयभान राव ने एसस सुरेडिया का धन्यवाद किया। इस मौके पर संस्था वाइस चेयरमैन कमल संघी व सह-सचिव डॉ. कर्ण चौधरी भी मौजूद थे।



**नारनौल।** विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी देते हुए।

# 12वीं में निशु तथा 10वीं में मोनिका ने मारी बाजी

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित वार्षिक परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरोली के 12वीं तथा 10वीं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं। दोनों कक्षाओं के 22 विद्यार्थियों ने मेधावी सूची में नाम दर्ज करवाया है। प्रधानाचार्य मदन रेवसीय ने बताया कि 12वीं कक्षा के 19 विद्यार्थियों में से 16 विद्यार्थियों ने मेरिट तथा 10वीं कक्षा के 14 विद्यार्थियों में से छह विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान पाया हैं, जो कि विद्यालय तथा गांव के लिए गौरव कि बात है। प्राचार्य ने बताया कि 12वीं कक्षा में निशू ने 500 में से 456 अंक लेकर प्रथम स्थान पाया तथा एकता ने 446 व सोनू ने 430 अंक लेकर क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 10वीं में मोनिका ने 500 में से 464 अंक लेकर प्रथम स्थान पाया तथा कशिश व कोनिका ने 408 व बबीता ने 407 अंक लेकर क्रमशः दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रवक्ता बाबू लाल तोंदवाल, महेश कुमार, अशोक आदि ने बधाई दी है।



मोनिका।



निशु।

### श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका में रेन डांस पार्टी



**नारनौल।** श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में रेन डांस पार्टी हुई। इसमें प्राइमरी के बच्चों ने जमकर मस्ती की। बारिश का लुत्फ उठाने के लिए स्कूल के पूल साइड पर डीजे लगाया गया। इसमें अंग्रेजी गानों पर बच्चों ने जहां ठुमके लगाए, वहीं जमकर पानी का मजा भी लिया। इस बीच टीचर्स ने भी बच्चों का साथ दिया। इस मौके पर बच्चों ने अम्ब्रेला डांस भी किया। इसके बाद बच्चों ने विभिन्न पकवानों का लुत्फ लिया। कार्यक्रम के बाद बेस्ट डांसर्स को गिफ्ट दिए गए। वहीं अन्य स्टूडेंट्स को अम्ब्रेला क्राफ्ट दिया गया।

खेती बाड़ी

## कपास व बाजरे की फसल से कहीं बेहतर बताई नकदी फसल की पैदावार

# नांगल के किसान बिजेंद्र ने नकदी फसल में दिखाई दिलचस्पी, 1.5 लाख रुपये के मुनाफे की जताई संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

कनीना उपमंडल के विभिन्न गांवों में उन्त किसानों की ओर से नकदी फसलों को अपनाकर लाभ लिया जा रहा है। किसान कल्याण विभाग की ओर से ऐसे किसानों को सब्सिडी भी दी जाती है। जिससे उन्हें दोहरा लाभ मिल रहा है। इसी कड़ी में गांव नांगल मोहनपुर के किसान बिजेंद्र कुमार की ओर से नकदी फसल की ऑर्गेनिक खेती की जा रही है। उसके पास चार एकड़ ही पुश्तैनी जमीन है। जिसमें वह प्रतिवर्ष तीन एकड़ में घीया, टमाटर, प्याज, पेठा व ककड़ी की बिजाई करता है। चालू वित वर्ष में उन्होंने ककड़ी, बैंगन, तरबूज, घीया, प्याज व पेठा लगाई हुई है। जिस पर करीब 35000 रुपये प्रति एकड़ की लागत आई। जिस पर हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से 50 फीसदी अनुदान की घोषणा की गई है। उन्होंने बताया कि सब्जी की प्राकृतिक खेती करने में लगभग 70 हजार रुपये प्रति एकड़ का खर्चा होता है।



**कनीना।** नकदी फसल की पैदावार दिखाता नांगल का किसान बिजेंद्र।

### 30 से 35 हजार प्रति एकड़ की आमदनी

किसान विजेंद्र व रोशनलाल ने बताया कि इससे पूर्व बाजरे व कपास की फसल से 30 से 35 हजार रुपये प्रति एकड़ की आमदनी होती थी, जबकि सब्जी की खेती करने से करीब डेढ़ लाख रुपये की आमदनी हो जाती है। कृषि विशेषज्ञों की सलाह से उनके द्वारा मल्चिंग विधि अपनाई जाती है। जिस पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से साढ़े छह हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान मिल जाता है। टपका सिंचाई विधि अपनाने पर 85 प्रतिशत सब्सिडी मिलती है। उन्होंने बताया कि नकदी फसल के पहले साल भले ही उत्पादन कम हो, लेकिन उसकी बिक्री करने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता।

**सार्वजनिक सूचना**

मै धर्मवीर पुत्र लीलाराम वासी गांव मेई तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अजय यादव मेरे कहने सुनने से बाहर है व हर दिन घर में झगडा करता रहता है। इसलिए मै उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं।भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा मेररी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



नारनौल। खेतों में जलकर राख हुए बांस। फोटो : हरिभूमि

### खेतों में रात को अज्ञात कारणों से लगी आग

**नारनौल।** गांव खामपुरा के साथ लगते खेतों में बीती रात को अज्ञात कारणों से आग लगने के कारण हजारों रुपये के बांस जल गए। आग पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काबू पाया। पीड़ित अनिल यादव ने बताया कि वह मानसेर के नजदीक नखरोला का रहने वाला है तथा यहां पर मशरूम की खेती करता है। उन्होंने बताया कि बीते सर्दी के मौसम में मशरूम की खेती के लिए करीब 25 झौंपड़ी बनाई गई थी और इनके निर्माण में एक ट्रक बांस का प्रयोग किया गया था। खेत खाली होने पर वही बांस एक जगह पर खेत में ही डाले हुए थे, जिनमें बीती मध्य रात्रि को अज्ञात कारणों से आग लग गई।

### आयुर्वेदिक चिकित्सक निष्ठा से कर रहे है कामः तरुण

**महेंद्रगढ़।** स्वास्थ्य विभाग के हालिया निर्देशों पर नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन महेंद्रगढ़ ने कड़ा विरोध जताया है। संगठन ने कहा कि किसी एक घटना के आधार पर पूरे चिकित्सा समुदाय या किसी एक पद्धति को दोषी ठहराना गलत है। नीमा महेंद्रगढ़ के अध्यक्ष डॉ. तरुण यादव ने कहा कि अगर कोई चिकित्सक एलोपैथी, आयुर्वेद, योग, सिद्धा या होम्योपैथी से जुड़ा है और वह अवैध गतिविधियों में शामिल पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। डॉ. तरुण ने कहा कि देशभर में हजारों आयुर्वेदिक चिकित्सक सेवा, निष्ठा और ईमानदारी से काम कर रहे हैं। कुछ अपवादों के आधार पर पूरे समुदाय पर शक करना उनके मनोबल को तोड़ने जैसा है।

# कनीना नगर पालिका में 7693 के मुकाबले मात्र 130 प्रॉपर्टी आईडी हुई अपडेट

- 64 लाख रुपये टैक्स में से 2.40 लाख की हुई रिकवरी
- 20 हजार रुपये से अधिक के बकाया धारकों को जल्द ही जारी किए जाएंगे नोटिस
- दुकानों का ढाई करोड़ रुपये का किराया भी अटका

दलीप सिंह ▶▶| कनीना

नगर पालिका के अंतर्गत कुल 7693 प्रॉपर्टी आईडी बनी हुई है। सरकार के नॉम्र्स के मुताबिक उनका 64 लाख रुपये का टैक्स बनता है। जिसके मुकाबले मात्र 130 प्रॉपर्टी आईडी अपडेट होने के साथ 2.40 लाख रुपये की रिकवरी हो सकी है।

नगर पालिका चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा ने बताया कि 31 जुलाई 2025 तक प्रॉपर्टी टैक्स अदा करने वाले उपभोक्ताओं को 10 प्रतिशत छूट दी जाएगी। 20 हजार से अधिक बकाया टैक्स धारकों को जल्द ही नोटिस जारी किया जाएगा।

### अवैध कब्जों को हटवाने के लिए 45 केस विचाराधीन



नगरपालिका की चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा ने बताया कि अवैध कब्जों को हटवाने के लिए सब डिविजनल, जिला स्तरीय एवं उच्च न्यायालय में 45 केस विचाराधीन हैं। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि भवन निर्माण करते समय वे नपा कार्यालय से संपर्क कर प्रॉपर्टी आईडी तथा नक्शा पास जरूर करवाएं। चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढा ने बताया कि मानसून से पहले सीवरेज, नालों व जोहड़ों की सफाई करवाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। बरसाती पानी से आमजन को परेशान नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक जोहड़ की पैमाइश तथा छंटाई कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर की सुंदरता को बनाए रखने के लिए आमजन का सहयोग अपेक्षित है। प्रत्येक नागरिक स्वच्छता को लेकर अपनी जिम्मेवारी समझे और कूड़े को एकत्रित कर उसका सही जगह पर निष्पादन करे। सड़क मार्गों को साफ सुथरा बनाए रखने तथा जाम से छुटकारा दिलाने के लिए रेहड़ी वालों को सदर थाना के पास अटेली रोड की ओर भेजा गया है। नपा प्रशासन के आदेशों का पालन नहीं करने वालों का चालान किया जाएगा। चेयरपर्सन डॉ. रिंपी कुमारी ने कहा कि नपा प्राथमिकता के आधार पर बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में कार्यरत है।

### 480 कनाल भूमि पर अवैध कब्जे

दूसरी ओर नपा कनीना के अंतर्गत 629 दुकानें हैं। जिनसे होने वाली आमदनी को विकास कार्यों पर खर्च किया जाता है, लेकिन पिछले करीब छह वर्षों से दुकानदारों की ओर से नियमित रूप से किराया अदा न करने पर करीब ढाई करोड़ रुपये से अधिक की राशि लंबित है। कहा जा रहा है कि इनमें से 62 दुकानें लोकनिर्माण विभाग तथा आठ दुकानें बिजली निगम कार्यालय की भूमि चिन्हित हुई मानी जा रही हैं। जिनका फैसला नहीं हो सका है। नगर पालिका के पास 2878 कनाल भूमि है। जिसमें से 335 कनाल भूमि कृषि योग्य है, जिसे प्रतिवर्ष बोली पर छोड़ी जाता है। करीब 480 कनाल भूमि पर अवैध कब्जे किए हुए हैं। जिन्हें छुड़वाने की दिशा में कार्रवाई शुरू की गई है।

## मांगें नहीं माने जाने के विरोध में 9 जुलाई को होगा चक्का जाम

# मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

- 9 जुलाई की देशव्यापी हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे रोडवेज कर्मचारी : कृष्ण ऊंण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन (रजि नंबर एक) संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की राज्य कमेटी के आह्वान पर रोडवेज डिपो में विरोध प्रदर्शन व गेट मीटिंग कर रोडवेज महानिदेशक के नाम ज्ञापन भेजा गया। इसी कड़ी में नारनौल डिपो में स्थापना सहायक ऋषिराज शर्मा को प्रदर्शन करते हुए नौ जुलाई को केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर होने वाली राष्ट्रव्यापी हड़ताल की सूचना देने बारे ज्ञापन सौंपा गया।

मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य सचिव कृष्ण ऊंणने कहा कि नौ जुलाई को होने वाली देशव्यापी हड़ताल में रोडवेज कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे और रोडवेज का चक्का जाम करेंगे। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र सरकार कर्मचारी मजदूर विरोधी चार लेबर कोड बिल रद्द कर ट्रेड यूनियनों पर हमला बंद नहीं करती और प्रदेश का अलग वेतन आयोग गठित करने एवं पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती, तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। उन्होंने ज्ञापन के जरिए सरकार से मांग की कि एचकेआरएन के सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए। कर्मचारी के परिवार की आय फैमिली आईडी में 3500 की शर्त को हटाकर आश्रितों के मेडिकल बिल पास किया जाए।



नारनौल। स्थापना सहायक को ज्ञापन देते रोडवेज कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के डिपो प्रधान नीरज की मुख्यमंत्री के आश्वासन अनुसार लम्बित मांगों का हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के नेताओं को बुलाकर तुरन्त समाधान करें। कर्मचारी की मृत्यु हो जाने पर एक्सग्रेशिया की नीति में पहले पांच व अंत के तीन वर्ष की नौकरी की शर्त हटाई जाए और जोखिम भरे काम करने वाले कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जाए। आनलाइन तबादला नीति के परिणाम न तो कर्मचारियों के लिए और न ही सरकार के लिए लाभकारी हैं। विभाग में कर्मचारियों की संख्या बहुत ही कम है।

खाली पड़े पदों पर तुरन्त प्रभाव से नियम से नियमित भर्तियां करने की जरूरत है। रोडवेज विभाग में निजीकरण पर रोक लगाकर विभाग में 10000 नई बसें शामिल करें, ताकि 60000 बेरोजगारों को रोजगार मिल सके। रोडवेज कर्मचारियों की देह अवकाश में की गई कटौती बंद करते हुए पुरानी छुट्टियां लागू की जाए। चालक-परिचालक व लिपिकों का वेतन 35400 किया जाए। खाली पदों पर प्रमोशन की जाए। टीए एवं ओवरटाइम की पुरानी पॉलिसी लागू की जाए। रिटायर कर्मचारियों के आई कार्ड से फ्री सफर न करने के शब्दों को हटाया जाए।

मुख्यमंत्री बार-बार सभी के लिए दरवाजे खुले होने की ब्यान बाजी करते रहते हैं, परन्तु पिछले दस वर्षों में एकबार भी हरियाणा रोडवेज के कर्मचारियों को बातचीत का समय नहीं दिया है। अब 22 मई को महानिदेशक परिवहन बातचीत के लिए बुलाया है, जिसके कर्मचारियों की अति महत्वपूर्ण मांगों का समाधान व पहले मानी गई मांगों को लागू करवाने का प्रयास किया जाएगा। मीटिंग में यजुवेंद्र सिंह, भूपसिंह, लोकेश जांगड़ा, राजेश जेए, ओमपाल यादव, ऋषिराज, विरेन्द्र सिंह अपोस्टर व नरेन्द्र सिंह आदि ने विशेष रूप से भाग लिया।




नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते वर्कर। फोटो : हरिभूमि

# एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियनों के वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

केन्द्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के आह्वान पर मंगलवार को एआईयूटीयूसी से जुड़ी यूनियन के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने केन्द्र व राज्य सरकार की श्रमिक, कर्मचारी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लघु सचिवालय में प्रदर्शन किया। इसके बाद मास्टर सुबेसिंह, कृष्णा देवी, सन्तोष ढिल्लो, मधु देवी, मुनेश, कमलेश, सुरेश चन्द नंगली, जगदीश प्रसाद, महेन्द्र सिंह चौहान, शेरसिंह के नेतृत्व में केन्द्र व राज्य सरकार की श्रमिक, कर्मचारी व जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रधानमंत्री के नाम जिला उपायुक्त कार्यालय के माध्यम से कार्यालय सुप्रिडेंट को ज्ञापन सौंपा।

जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने के केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के सांझा मंच की ओर से द्वारा आहूत किए गए देशव्यापी आंदोलन के बारे विस्तार से प्रस्तावना रखी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन हरियाणा की राज्य प्रधान कृष्णा देवी ने सरकार से स्कीम वर्कर्स को अपना कर्मचारी मानने, न्यूनतम वेतन 28000 रुपये लागू करने की मांग की। मौके पर मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन से मुनेश, एआईयूटीयूसी जिला सचिव छाजूराम रावत, एसयूसीआई कम्युनिस्ट के जिला सचिव कामरेड ओमप्रकाश, मास्टर सुबेसिंह, बलजीत, जया, किरण, उषा, मलखान सिंह, गीता, बबली, राजेन्द्र, अशोक, बस्तीराम, नरेंद्र, सत्यवान, सरस्वती, सुमन, सुमित्रा, कमलेश आदि मौजूद थे।

### यूनियन की मुख्य मांगें

श्रमिक विरोधी चार लेबर कोड रद्द किए जाए, न्यूनतम वेतन 28000 रुपये लागू किया जाए, न्यूनतम पेंशन 10000 लागू की जाए, ग्रामीण सफाई कर्मचारी, ग्रामीण चौकीदार, जल कर्मी, एजुसैट स्कूल चौकीदार व पार्ट टाइम कर्मचारी सहित ठेका, कैजुअल, आउटसोर्स, सक्षम तथा कच्चे कर्मचारियों को पक्का किया जाए, आंगनबाड़ी, आशा, मिड डे मील, क्रैच वर्कर सहित स्कीम वर्करों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए, तब तक उन्हें श्रमिक मानकर न्यूनतम वेतन सहित सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जाए, मासिक वेतन हर माह की 7 तारीख को देना सुनिश्चित किया जाए, मनरेगा मजदूरों को वर्ष में 200 दिन काम व 800 दैनिक दिहाड़ी दी जाए, 100 दिन की गणना एक फैमिली आईडी से नहीं, बल्कि एक व्यक्ति से की जाए, सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर स्थाई भर्ती की जाए, यूपीएस व एनपीएस रद्द की जाए, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल की जाए, निर्माण श्रमिकों के पंजीकरण व हित लाभ देना सरल किया जाए, सार्वजनिक क्षेत्र को मजबूत किया जाए, निजी हाथों में दी गई सरकारी संस्थाओं को वापस लिया जाए, उनमें निवेश बढ़ाकर उन्हें मजबूत किया जाए, श्रम कानून को सख्ती से लागू किया जाए।

# हकेंवि में नए सत्र से होगी एमए हिंदू अध्ययन की पढ़ाई

- सीयूईटी (पीजी) 2025 में हिंदू अध्ययन के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा देने वाले विद्यार्थी होंगे दाखिले के पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 से एमए हिंदू अध्ययन पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। विश्वविद्यालय के पर्यटन एवं होटल प्रबंधन विभाग के अंतर्गत उपलब्ध कराए जाने वाले इस पाठ्यक्रम के लिए सीयूईटी (पीजी) 2025 में हिंदू अध्ययन (परीक्षा पत्र कोड-एसीक्यूपी08) के अंतर्गत प्रवेश परीक्षा देने वाले योग्य अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने इस पाठ्यक्रम की शुरूआत को महत्त्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य नवाचारपूर्ण शैक्षणिक अध्ययन, अनुसंधान और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से हिंदू अध्ययन को जानना है।

प्रो. टंकेशवर कुमार ने बताया कि हिंदू अध्ययन एक बहुविषयक क्षेत्र है जो विश्व के प्राचीनतम और प्रभावशाली हिंदू धर्म के आध्यात्मिक, ऐतिहासिक, दार्शनिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक पहलुओं को गहराई से जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा युवाओं को भारतीय ज्ञान परम्परा के साथ-साथ रोजगार सृजन के मोर्चे पर भी प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया जाएगा।



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

विश्वविद्यालय में सीयूईटी 2025 के नोडल आफिसर डॉ. तेजपाल ढेवा ने बताया कि विश्वविद्यालय में एमए हिंदू अध्ययन पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय में कम से कम 50 प्रतिशत के साथ स्नातक व इसके समकक्ष पाठ्यक्रम अनिवार्य है।

इसी क्रम में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत दाखिले में आरक्षण भी उपलब्ध है। विश्वविद्यालय में एमए हिंदू अध्ययन की 20 सीटें दाखिले के लिए उपलब्ध हैं।

# ड्राइवर को बंधक बना ट्रक को ले गए महेंद्रगढ़, 1 लाख मंथली मांगने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- मालिक की शिकायत पर सतनाली पुलिस ने छह नामजद के खिलाफ किया केस दर्ज

सतनाली क्षेत्र में पहाड़ से पत्थर भरकर क्रेशर पर जा रहे ट्रक को रूकवाया और ड्राइवर के साथ मारपीट कर ट्रक को महेंद्रगढ़ ले गए। ड्राइवर से एक लाख मंथली भी मांगने के आरोप लगे है। मालिक की शिकायत पर सतनाली पुलिस ने आरोपित आशीष, विक्की गुर्जर, संदीप, सतीश गुर्जर, मोहित गुर्जर व राजू के खिलाफ बीएनएस की धारा 308(2),191(2),190,138,127(2), 126,115 के तहत केस दर्ज किया है।

पुलिस चौकी माधोगढ़ में दी शिकायत में रेवाड़ी के जाडरा वासी रविंद्र खोला ने बताया है कि उसने जेरपुर में भगवती ग्रीट उद्योग के नाम से क्रेशर प्लांट लगाया हुआ है। उसके पास 12 टायर वाली तीन गाड़ियां है। शिकायतकर्ता ने बताया कि रविवार को गाड़ी नंबर एचआर 47जी7059 पर ड्राइवर टेकचंद वासी राजावास पहाड़ से पत्थर भरकर अपने क्रेशर पर ला रहा था। जब गाड़ी माता मंदिर के पास पहुंची तो छह युवक, जिनके नाम आशीष सरपंच भतीजा, विक्की गुर्जर, संदीप गुर्जर, सतीश गुर्जर, मोहित गुर्जर, राजू व अन्य ने मिलकर ट्रक के आगे कैम्पर गाड़ी नंबर एचआर26एफएम4689 लगाई और ट्रक को रूकवा लिया। गाड़ी के अंदर घुस गए। ड्राइवर के साथ हाथापाई की व उसका मोबाइल छीन लिया। ड्राइवर टेकचंद को गाड़ी के अंदर बंधक बना लिया और गाड़ी व ड्राइवर को वहां से लेकर महेंद्रगढ़ के लिए चल दिया। पीछे पीछे कैम्पर भी चल रहा। महेंद्रगढ़ के पास पहुंचे तो वहां पर रास्ते में आरटीओ अपने टीम सहित हाजिर मिले। उसके बाद वह सभी युवक कैम्पर से वापिस आ गए। ड्राइवर ने बताया कि अगर गाड़ी यहां चलानी है तो प्रत्येक महीना एक लाख रुपये की मंथली देनी होगी अन्यथा नहीं देने पर इस तरह गाड़ी को पकड़कर प्रत्येक दिन आरटीओ को सौंप दिया जाएगा। यह सूचना मिलने पर वह रेवाड़ी से महेंद्रगढ़ पहुंचा जो आरटीओ से बात होने पर बताया कि सरपंच के भतीजे आशीष व अन्य युवकों ने गाड़ी पकड़वाई है। गाड़ी का चालान कर दिया है। शिकायतकर्ता ने सभी आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पुलिस से की है। जब यह शिकायत पुलिस को मिली तो इस दरखास्त से मामला संदेहजनक प्रतीत हुआ। दोनों पक्षों को बुलाया गया। उतरदवादी पक्ष विकास उर्फ विक्की वासी जेरपुर ने अपने बचाव पक्ष में एक दरखास्त दी है। तस्दीक उपरोक्त युवकों द्वारा ट्रक चालक टेकचंद का मोबाइल छीनना नहीं पाया गया।



महेंद्रगढ़। बच्चों की जांच करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### भाविप ने करवाई हिमोग्लोबिन की जांच

**महेंद्रगढ़।** स्कूली बच्चों में रक्ताल्पता आज के समय की एक ज्वलंत समस्या हैं। सरकार भी इस समस्या के समाधान के लिए समय-समय पर कई प्रोग्राम चलाती है जैसे माइक्रो न्यूट्रिएंट्स सप्लाई प्रोग्राम आदि। इसी समस्या को देखते हुए भारत विकास परिषद शाखा द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय मौहल्ला बॉस में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूल के बच्चों तथा स्टाफ के रक्त में हीमोग्लोबिन की जांच करवाई गई। जांच के उपरांत बच्चों को रक्त में हीमोग्लोबिन की कमी के कारण के बारे में तथा कैसे इस कमी को ठीक किया जाए उसके लिए सही खाना, साफ-सफाई, क्या खाएं क्या न खाएं। समय समय पर आंत के कृमि विरोधक टैबलेट लेने के बारे ने बताया गया। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष श्रीश्याम सुंदर सैनी, सचिव नवीन राव, संयोजक सेवा प्रकल्प रतनलाल माधोगढिया, महिला संयोजिका सुनयना माधोगढिया, रीना बंटी, उमा खुराना, सोनिया जिंदल, इंदिरा नांगलिया, डॉ. यशवंती, वीर विक्रम, नीरज मित्तल, रामप्रकाश शर्मा, प्रवक्ता अमरसिंह सोनी उपस्थित रहे।

# भवन निर्माण कामगार यूनियन ने की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- श्रमिक के कन्यादान व आर्थिक सहायता पर अनावश्यक आपत्ति हटाई जाने की मांग

मजदूरों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के मध्यनजर मंगलवार को नई कचेहरी पार्क प्रांगण में भवन निर्माण कामगार यूनियन के आह्वान पर भवन निर्माण मजदूरों की बैठक सीटू जिला प्रधान हरिराम की अध्यक्षता में हुई।

प्रधान हरिराम ने कहा कि श्रम विभाग हरियाणा की ओर से निर्माण श्रमिकों की सुविधाओं जैसे श्रमिक के कन्यादान व आर्थिक सहायता पर अनावश्यक आपत्ति हटाई जाए, बच्चों के छात्रवृत्ति सुविधा फार्म आपत्ति लगाकर रद्द करने, श्रमिक का पता व पेशा पोर्टल अपडेट न होने की आपत्ति लगाने आदि मांगों पर विस्तार से चर्चा की।

उपरोक्त सभी सुविधाओं पर श्रम विभाग हरियाणा जानबुझ कर आपत्ति लगाता और आपत्ति लगाने का मैसेज श्रमिकों के मोबाइल पर भी नहीं भेजना, जिसके कारण श्रमिक लगाई गई आपत्ति का जवाब समय पर नहीं दे पाता। इसके अलावा 90 दिन के कार्य श्रम विभाग हरियाणा कई-कई महीनों तक नहीं देख रहा है और न ही वैरिफाई करता है। जिसके कारण श्रमिक समय पर अपनी सुविधाएं नहीं ले पाता। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग हरियाणा मजदूरों की सुविधाओं पर बेमानी आपत्तियां लगानी बन्द करें, ताकि समय पर श्रमिकों को हरियाणा सरकार की ओर से दी जा रही सुविधाओं का लाभ पर मिल सके।




नारनौल। प्रदर्शन करते भवन निर्माण कामगार यूनियन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

# मुकुंदपुरा की अनुसूचित जाति बस्ती में 14 दिनों से पीने के पानी का संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुकुंदपुरा की अनुसूचित जाति बस्ती में पिछले 14 दिनों से पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही। इससे ग्रामीण भारी परेशान हैं और एक-एक वाटरटैंकर के 400-400 रुपये देने को मजबूर हो रहे हैं। कमाल की बात है कि बस्ती के जागरूक लोगों ने जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से लेकर चंडीगढ़ के सरकारी टोल फ्री नंबरों पर शिकायतें की, लेकिन कर्मचारी आकर नल चलाकर उसकी फोटो खींचकर उसे अपलोड करके झूठे ही समाधान करने की खानापूर्ति कर देते हैं। इससे ग्रामीणों में रोष बना हुआ है।

ग्रामीण कंवर सिंह, रामौतार, राजू, किताब, बिमला, सुनीता, सरोज, रीना, सावित्री, विद्या, कृष्णा, अनीता, बिरेंद्र, रूपचंद, संजू एवं जयसिंह आदि ने बताया कि उनके गांव मुकुंदपुरा की अनुसूचित जाति बस्ती के लोग पीने के पानी के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 13 दिनों से नलों में पानी नहीं आ रहा है और ग्रामीण भारी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि एकतरफ दिन का तापमान 45 डिग्री पार चलने से लोगों का भीषण गर्मी से बुरा हाल हो रहा है, वहीं पीने के पानी की एक-एक बूंद के मोहताज बने हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि विभाग कर्मचारी मध्य रात्रि को एक-दो बजे पानी छोड़ते हैं और मनमानी करते हैं। उन्होंने बताया कि पानी नहीं आने की सूरत में वे घरों में वाटरटैंकरों से पानी डलवाने को मजबूर हैं तथा एक-एक वाटरटैंकर का वे 400-400 रुपये अदा करने का विवश हो रहे हैं। अन्यथा प्यासे मर जाएंगे। उन्होंने बताया कि जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचित किया तथा चंडीगढ़ तक के सरकारी नंबरों पर शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन विभाग के कर्मचारी जब आते हैं, तब थोड़ी-बहुत देर पानी छोड़कर उसकी फोटो खींच लेते हैं और सरकारी नंबरों पर अपलोड करके इतिश्री कर लेते हैं, जबकि समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वाटर सप्लाई छोड़ने वाले कर्मचारी भी मनमानी करने में लगे हुए हैं और उन्हें पानी की आपूर्ति न देकर परेशान कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से पीने का पानी उपलब्ध करवाने की मांग की है।



नारनौल। पानी के अभाव में एकजुट होकर नाराजगी जताते मुकुंदपुरा के ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि